संख्या–cm-10
06/01/2019

औटा के पूर्व मुखिया राम सागर प्रसाद जी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 06 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ग्राम पंचायत औटा, प्रखण्ड मोकामा के पूर्व मुखिया राम सागर प्रसाद जी के निधन पर गहरी शोक–संवेदना प्रकट करते हुये उनके प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि राम सागर प्रसाद जी से हमारा व्यक्तिगत संबंध था, समता पार्टी के गठन के समय से ही वे साथ थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****